पीरियोडिक टेस्ट-2
(पाठ 1 से 10 तक)

समयावधि : .... **पूर्णांक : 20**

नोट – वर्तनी तथा लेखनी पर विशेष ध्यान दीजिए–

(क) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. यह गद्यांश माँ की बच्चे के प्रति ममता से संबंधित है।
2. वह अपने बच्चे को पाने के लिए भेड़िए के पास चल दी।
3. बच्चे के साधारण-से बुखार में भी माँ तड़पने लगती है, उसका हृदय रो उठता है।
4. (क) चल दी। (ख) लड़ रहा है।
5. (क) उसका हृदय रोता है।

(ख) निर्देशानुसार कीजिए।

1. (क) पराजय (ख) कठिन 2. (क) गगन (ख) अंबर
3. (क) स् + आ + ह् + इ + त् + य् + अ
   (ख) च् + ई + त् + क् + आ + र् + अ
4. (क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग
5. (क) सांसारिक (इक प्रत्यय) (ख) आशंकित (इत प्रत्यय)

(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. सचिन ने क्रिकेट जीवन की शुरूआत अपने विद्यालय से की थी। जब उन्होंने विद्यालय में आयोजित 'हैरिस शील्ड प्रतियोगिता' में विनोद कामली की साझेदारी में 664 रन बनाए थे।
2. वसुधैव कुटुंबकम से कवि का आशय है कि संपूर्ण विश्व एक परिवार के समान मिल-जुलकर रहे। सभी जगह अंतरराष्ट्रीय एकता हो।
3. तीन दिन बाद माधव का सब होमवर्क पूरा हो चुका था। अब वह आत्मविश्वास से भरा हुआ था। अब स्कूल का काम करने में उसे आनंद आता था। उसे यह खुशी भी रहती थी कि जैसे ही काम पूरा होगा, नीली टोपी वाला बौना उसके साथ खेलने-कूदने चला आएगा।
4. एक दिन एक भेड़िया जंगल में भेड़-बकरियाँ चरा रहे चरवाहे को लेकर भाग गया था। इसी कारण मैनपुर के निवासी आशंकित थे।
5. केशनी ने अपने विवाह की शर्त रखी कि वह उसी व्यक्ति के साथ विवाह करेगी जो आत्मा को जानता हो अथवा आत्मा को जानने में रुचि रखता हो। केशनी ने यह शर्त इसलिए रखी क्योंकि वह ज्ञान को महत्व देती थी, धन को नहीं।

(घ) विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

उत्तर के लिए संकेत-बिंदु– 1. पृथ्वी का धैर्य

2. पृथ्वी द्वारा अन्न प्रदान करना।

3. जल मिलना 4. रहने के लिए घर मिलना

5. फल, सब्ज़ियाँ इत्यादि प्रदान करना।